समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक ......30.1.2019 पृष्ठ सं. ......6...... कॉलम ......2-8......


सुविधा

एचएयू के 50वें स्थापना दिवस पर किया जाएगा शुभारंभ, शुरुआत में विश्वविद्यालय में निर्मित उत्पादों की शहर के सीमित क्षेत्रों में होगी बिक्री

# एचएयू दो फरवरी से शुरू करेगा ई-मार्ट शॉपिंग साइट, ऑनलाइन मिलेंगे उत्पाद

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के उत्पाद अब ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय एचएयू ई-मार्ट नामक ऑनलाइन शॉपिंग साइट शुरू करने जा रहा है। इस साइट का शुभारंभ दो फरवरी को विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस पर होगा।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि उपभोक्ता एचएयू ई-मार्ट पर विश्वविद्यालय में निर्मित विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसे केक, मुफीन, बाजरा बिस्कुट, बेल स्कवैश, मैंगो आरटीएस ड्रिंक, आंवला कैंडी आदि खरीद सकेंगे। इनके अतिरिक्त ऑर्नामेंटल प्लांट्स, खाद, जैविक खाद/कंपोस्ट, बीज, बेड शीट, कुशन कवर, बैग आदि भी इस ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने कहा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कई उम्दा गुणवत्ताशील उत्पाद तैयार किए जाते हैं। आरंभ में इस ऑनलाइन शॉपिंग साइट के माध्यम से विश्वविद्यालय में निर्मित उत्पादों की शहर के सीमित क्षेत्रों में खरीदारी संभव होगी, परंतु जल्द ही इन्हें सुचारु रूप से वैश्विक स्तर पर उपलब्ध करवाया जाएगा। एचएयू ई-मार्ट ऑनलाइन शॉपिंग साइट को विश्वविद्यालय में चल रहे एक्सपीरियेंशल लर्निंग प्रोग्राम (इएलपी) डिजिटल एग्रीकल्चर के छात्रों द्वारा विकसित किया गया है। कुलपति समेत विश्वविद्यालय के अधिकारियों को ईएलपी के छात्रों ने मंगलवार को ई-मार्ट से संबंधित सभी मॉड्यूल्स के बारे अवगत करवाया। इस मौके पर छात्रों ने कुलपति का ई-मार्ट पर उत्पाद खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया एवं वेबसाइट पर उपलब्ध विश्वविद्यालय के निर्मित विभिन्न उत्पादों में से चुनिंदा उत्पादों का ऑर्डर भी करवाया।

कुलपति ने छात्रों की इस पहल की प्रशंसा की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अध्यापकों के सही मार्गदर्शन में छात्रों की छिपी हुई प्रतिभा को उभारा गया है। यह बड़ी बात है कि कृषि विषय के विद्यार्थी आईटी विषय में रुचि रखते हैं। यह इस रुचि का परिणाम है कि उन्होंने बिना किसी तकनीकी सहायक के एचएयू ई-मार्ट जैसी वेबसाइट को विकसित किया है। कुलपति ने छात्रों को ई-मार्ट से संबंधित कुछ सुझाव भी दिए।

## इन्होंने मिलकर तैयार की साइट

इस अवसर पर ईएलपी की संयोजिका डॉ. सीमा कुमारी ने बताया कि एचएयू ई-मार्ट ऑनलाइन शॉपिंग साइट तैयार करने वाले छात्रों में रोहित ढोलके, भूषण मेहता, प्रवीण कुमार, अमन शर्मा, आयुष सिंगला और भाविश कपूर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में केवल शहर के सीमित क्षेत्रों तक ही इस वेबसाइट के माध्यम से विश्वविद्यालय में निर्मित उत्पादों की खरीदारी संभव होगी। ईएलपी के प्रभारी डॉ. सीमा परमार व डॉ. जितेंद्र भाटिया के निर्देशन में पांच स्नातक व पीएचडी स्तर के विद्यार्थियों ने इस ई-मार्ट को बनाया है। इस वेबसाइट के माध्यम से न केवल उपभोक्ताओं को सेवा प्राप्त होगी, बल्कि किसानों को भी अनेक लाभदायक जानकारियां मिल सकेंगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....

दिनांक ...30.1.2019... पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...1-4...

सुखबरी | यूनिवर्सिटी के एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों ने ही बनाई एचएयू ई-मार्ट नामक शॉपिंग वेबसाइट

# विद्यार्थियों के बनाए उत्पाद ऑनलाइन बेचेगी एचएयू

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के उत्पाद अब ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय एचएयू ई-मार्ट नामक ऑनलाइन शॉपिंग साइट शुरू की जा रहा है।

उपभोक्ता एचएयू ई-मार्ट पर विश्वविद्यालय में निर्मित विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ खरीद सकेंगे। इनमें केक, बिस्कुट, स्क्वैश, बीज, बेडशीट, कुशन सहित कई उत्पाद शामिल हैं। इस साइट का शुभारंभ 2 फरवरी को विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस पर होगा। विवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में कई उम्दा गुणवत्ताशील उत्पाद तैयार किए जाते हैं। शुरू में इस ऑनलाइन शॉपिंग साइट के माध्यम से विश्वविद्यालय में निर्मित उत्पादों की शहर के सीमित क्षेत्रों में खरीदारी संभव होगी। मगर जल्द ही इन्हें सुचारू रूप से वैश्विक स्तर पर उपलब्ध करवाया जाएगा। उत्पाद बेचकर प्राप्त आमदनी को उत्पाद बनाने वाले विद्यार्थियों, अध्यापकों और एचएयू के बीच निर्धारित एक निश्चित अनुपात में बांटा जाएगा।



### इन उत्पादों की होगी बिक्री

केक, मुफीन, बाजरा बिस्कुट, बेल स्क्वैश, मैंगो आरटीएस ड्रिंक, आंवला कैंडी आदि पेय एवं खाद्य पदार्थों के अलावा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा तैयार किए गए ऑर्नामेंटल प्लांट्स, खाद, जैविक खाद/कम्पोस्ट, बीज, बेडशीट, कुशन कवर, बैग आदि भी इस वेबसाइट से खरीदा जा सकेगा।

### एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों ने ही बनाई शॉपिंग साइट

शॉपिंग साइट को विश्वविद्यालय में चल रहे एक्सपीरिएंशनल लर्निंग प्रोग्राम (इएलपी) डिजिटल एग्रीकल्चर के छात्रों ने विकसित किया है। कुलपति समेत विश्वविद्यालय के अधिकारियों को इएलपी के छात्रों ने ई-मार्ट से संबंधित सभी मॉड्यूल्स के बारे में अवगत कराया है।



### किसानों व अन्य उपभोक्ताओं को सेवाएं मिलेंगी

इएलपी के प्रभारी डा. सीमा परमार व डा. जितेन्द्र भाटिया के निर्देशन में पांच स्नातक व पीएचडी स्तर के विद्यार्थियों ने इस ई-मार्ट को बनाया है। इस वेबसाइट के माध्यम से न केवल उपभोक्ताओं को सेवा प्राप्त होगी, बल्कि किसानों को भी अनेकों लाभदायक जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी। शॉपिंग साइट तैयार करने वाले छात्रों में रोहित ढोलके, भूषण मेहता, प्रवीण कुमार, अमन शर्मा, आयुश सिंगला व भाविश कपूर शामिल हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....हरि-भूमि....

दिनांक ...30.1.2019... पृष्ठ सं. ...14... कॉलम ...4-8...

### हकृवि के 50वें स्थापना दिवस पर 2 फरवरी को होगी साइट शुरू

# एचएयू ई-मार्ट पर मिलेंगे हकृवि के उत्पाद




### 5 छात्रों ने तैयार की साइट

इएलपी के प्रभारी डॉ. सीमा परमार व डॉ. जितेन्द्र भाटिया के निर्देशन में 5 स्नातक व पीएचडी स्तर के विद्यार्थियों ने इस ई-मार्ट को बनाया है। एचएयू ई-मार्ट ऑनलाइन शॉपिंग साइट तैयार करने वाले छात्रों में रोहित ढोलके, भूषण मेहता, प्रवीण कुमार, अमन शर्मा, आयुश सिंगला व भाविश कपूर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शुरूआत में केवल शहर के सीमित क्षेत्रों तक ही इस वेबसाइट के माध्यम से विश्वविद्यालय में निर्मित उत्पादों की खरीददारी संभव होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हकृवि के उत्पाद अब ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय एचएयू ई-मार्ट नामक ऑनलाइन शॉपिंग साइट शुरू करने जा रहा है। इस साइट का शुभारंभ 2 फरवरी को विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस पर होगा।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विवि में कई उम्दा गुणवत्ताशील उत्पाद तैयार किए जाते हैं। आरम्भ में इस ऑनलाइन शॉपिंग साइट के माध्यम से विश्वविद्यालय में निर्मित उत्पादों की शहर के सीमित क्षेत्रों में खरीददारी संभव होगी परन्तु जल्द ही इन्हें सुचारू रूप से वैश्विक स्तर पर उपलब्ध करवाया जाएगा। एचएयू ई-मार्ट ऑनलाइन शॉपिंग साइट को विश्वविद्यालय में चल रहे एक्सपीरियेंशल लर्निंग प्रोग्राम इएलपी डिजिटल एग्रीकल्चर के छात्रों द्वारा विकसित किया गया है।

ये प्रोडेक्ट मिलेंगे उपभोक्ता एचएयू ई-मार्ट पर विश्वविद्यालय में निर्मित विभिन्न खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसा कि केक, मुफीन, बाजरा बिस्कुट, बेल स्कवैश, मैंगो आरटीएस ड्रिंक, आंवला कैंडी आदि खरीद सकेंगे। इनके अतिरिक्त ऑनामेंटल प्लांटस, खाद, जैविक खाद, कंपोस्ट, बीज, बेडशीट, कुशन कवर, बैग आदि भी इस ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर उपलब्ध होंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....पंजाब केसरी....
दिनांक 30.1.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...5...

# हकृवि के उत्पाद अब उपलब्ध होंगे ऑनलाइन

हिसार, 29 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के उत्पाद अब ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय एच.ए.यू. ई-मार्ट नामक ऑनलाइन शॉपिंग साइट शुरू करने जा रहा है। इस साइट का शुभारंभ 2 फरवरी को विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना दिवस पर होगा।

कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता एच.ए.यू. ई-मार्ट पर विश्वविद्यालय में निर्मित विभिन्न खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे। कुलपति समेत विश्वविद्यालय के अधिकारियों को ई.एल.पी. के छात्रों ने ई-मार्ट से संबंधित सभी मॉडयूल्स के बारे अवगत करवाया। इस अवसर पर ई.एल.पी. की संयोजिका डा. सीमा कुमारी ने बताया कि शुरूआत में केवल शहर के सीमित क्षेत्रों तक ही इस वैबसाइट के माध्यम से विश्वविद्यालय में निर्मित उत्पादों की खरीदारी संभव होगी। प्रभारी डा. सीमा परमार व डा. जितेन्द्र भाटिया के निर्देशन में 5 स्नातक व पीएच.डी. स्तर के विद्यार्थियों ने इस ई-मार्ट को बनाया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक ....30.1.2019 पृष्ठ सं. ....6...... कॉलम ....5-8....



विजेता खिलाड़ियों के साथ कुलपति प्रो.केपी सिंह।

# खेल स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एचएयू के खिलाड़ियों को कुलपति ने किया सम्मानित

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** लुधियाना के पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में हुई 19वीं अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में पुरुष एथलेटिक टीम प्रथम, महिला एथलेटिक टीम व पुरुष बैडमिंटन टीम दूसरे तथा पुरुष वर्ग की बास्केट बॉल टीम व कबड्डी टीम तीसरे स्थान पर रही।

अमित को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया। अंकों के आधार पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने ओवर ऑल पुरुष व महिला चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। इन खिलाड़ियों को एचएयू कुलपति प्रो. केपी सिंह ने सम्मानित किया।

खेलकूद प्रतियोगिता में आरुषि को 800 व 1500 मीटर में स्वर्ण पदक तथा चार गुणा 100 मीटर में रजत पदक, अमित को 100, 200 तथा चार गुणा 100 में स्वर्ण पदक, अनमोल को 400 तथा चार गुणा 100 मीटर में स्वर्ण पदक, युगविंद्र को चार गुणा 100 में स्वर्ण पदक तथा 400 व 100 मीटर में रजत पदक, राकेश को 800, 1500, चार गुणा 100 मीटर में स्वर्ण पदक, दिनेश को चार गुणा 100 मीटर में स्वर्ण पदक तथा लंबी कूद में कांस्य पदक मिला। संजू को 200, चार गुणा 100 मीटर में रजत पदक, सुदेश को चार गुणा 100 मीटर में रजत पदक व 400 मीटर में कांस्य पदक, ज्योति को चार गुणा 100 मीटर में रजत पदक व शॉटपुट में कांस्य पदक मिला।

### मुकुल को जेवलिन थ्रो में स्वर्ण ऊंची कूद में कांस्य पदक मिला

मुकुल को जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक व ऊंची कूद में कांस्य पदक, आकाश को डिस्कस थ्रो में रजत पदक जबकि आनंद को 1500 मीटर में कांस्य पदक मिला। कुलपति ने इस दौरान बिटस पिलानी में हुई ऑल इंडिया इंटर कॉलेज इनविटेशनल प्रतियोगिता में प्रथम रहने वाली तथा जाट कॉलेज हिसार में हुई तीसरी हरियाणा अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता में तृतीय रही कृषि महाविद्यालय की टीमों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया, सह निदेशक प्रो. सुशील लेगा, प्रो. बलजीत गिरधर, ओमप्रकाश भादू, निर्मल सिंह, इंदु चौधरी व सुंदरपाल मोर आदि उपस्थित थे।

**लुधियाना के पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में हुई 19वीं अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन**

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर....

दिनांक ...30.1.2019... पृष्ठ सं. ...7... कॉलम ...1-4...

**खेल • 12 खिलाड़ी लेकर आए मेडल, कुलपति ने विवि पहुंचने पर किया सम्मानित**

# लुधियाना में 19वीं अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में एचएयू के खिलाड़ियों का दबदबा

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना में आयोजित 19वीं अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में विजेता रहे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में पुरुष एथलेटिक टीम प्रथम, महिला एथलेटिक टीम व पुरुष बैडमिंटन टीम दूसरे तथा पुरुष वर्ग की बास्केटबॉल टीम व कबड्डी टीम तीसरे स्थान पर रही। अमित को बैस्ट एथलीट घोषित किया गया। अंकों के आधार पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने ओवर ऑल पुरुष व महिला चैम्पियनशिप ट्रॉफी जीती। कुलपति ने इस अवसर पर बिट्स पिलानी में आयोजित ऑल इंडिया इंटर कॉलेज इनविटेशनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने तथा जाट कॉलेज में आयोजित तीसरी हरियाणा अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली कृषि महाविद्यालय की टीमों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी. एस. दहिया, सह निदेशक (खेल) प्रो. सुशील लेगा, प्रो. बलजीत गिरधर, ओम प्रकाश भादू, निर्मल सिंह, इंदु चौधरी व सुंदर पाल मोर उपस्थित थे।



एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह एवं अन्य अधिकारियों के साथ विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

## यह रहे विजेता

प्रतियोगिता में आरुषि को 800 व 1500 मीटर में स्वर्ण पदक तथा 100 मीटर में रजत पदक, अमित को 100, 200 तथा 100 में स्वर्ण पदक, अनमोल को 400 तथा 100 मीटर में स्वर्ण पदक, युगविन्द्र को 100 में स्वर्ण पदक व 400 तथा 100 मीटर में रजत पदक, राकेश को 800, 1500, 100 मीटर में स्वर्ण पदक, दिनेश को 100 मीटर में स्वर्ण पदक तथा लम्बी कूद में कांस्य पदक, संजू को 200, 100 मीटर में रजत पदक, सुदेश को 100 मीटर में रजत पदक व 400 मीटर में कांस्य पदक, ज्योति को 100 मीटर में रजत पदक व शॉटपुट में कांस्य पदक, मुकुल को जेवेलिन थ्रो में स्वर्ण पदक व ऊंची कूद में कांस्य पदक, आकाश को डिस्कस थ्रो में रजत पदक जबकि आनंद को 1500 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त हुए।

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण
दिनांक 30.1.2019 पृष्ठ सं. 15 कॉलम 7-8

# एचएयू ने जीती इंटर एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप



कुलपति प्रो. केपी सिंह एवं अन्य अधिकारियों के साथ विजेता खिलाड़ी। • जागरण

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने लुधियाना में आयोजित 19वीं अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में विजेता टीम के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में पुरुष एथेलेटिक्स टीम प्रथम, महिला एथेलेटिक्स टीम द्वितीय, पुरुष बैडमिंटन टीम द्वितीय और पुरुष वर्ग की बास्केटबॉल टीम और कबड्डी टीम तीसरे स्थान पर रही। अमित को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया। अंकों के आधार पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने ओवर ऑल पुरुष व महिला चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। इस खेलकूद प्रतियोगिता में आरूषि को 800 व 1500 मीटर में स्वर्ण पदक और 4 गुना 100 मीटर में रजत पदक, अमित को 100, 200 तथा 4 गुना 100 में स्वर्ण पदक, अनमोल को 400 तथा 4 गुना 100 मीटर में स्वर्ण पदक, युगविन्द्र को 4 गुना 100 में स्वर्ण पदक व 400 और 100 मीटर में रजत पदक, राकेश को 800, 1500, 4 गुना 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीता।

## इनको भी किया सम्मानित

कुलपति ने इस अवसर पर बिटस पिलानी में आयोजित ऑल इंडिया इंटर कॉलेज इनविटेशनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली और जाट कॉलेज हिसार में आयोजित तीसरी हरियाणा अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली कृषि महाविद्यालय की टीमों को भी सम्मानित किया। कुलपति ने इस समारोह में खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया, सह निदेशक (खेल) प्रो. सुशील लेगा, प्रो. बलजीत गिरधर, ओम प्रकाश भाद्दू, निर्मल सिंह, इंदु चौधरी व सुन्दर पाल मोर आदि मौजूद थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....पंजाब केसरी....
दिनांक ....30.1.2019.... पृष्ठ सं. ....4.... कॉलम ....1-2....

# अंतर कृषि विवि खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया



*विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह एवं अन्य अधिकारियों के साथ विजेता खिलाड़ी*

हिसार, 29 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना में आयोजित 19वीं अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में विजेता रहे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। पुरुष एथलैटिक टीम प्रथम, महिला एथलैटिक टीम व पुरुष बैडमिंटन टीम दूसरे तथा पुरुष वर्ग की बास्केटबॉल टीम व कबड्डी टीम तीसरे स्थान पर रही। अमित को बैस्ट एथलीट घोषित किया गया। अंकों के आधार पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने ओवर ऑल पुरुष व महिला चैम्पियनशिप ट्रॉफी जीती।

उल्लेखनीय है कि इस खेलकूद प्रतियोगिता में आरुषि को 800 व 1500 मीटर में स्वर्ण पदक तथा 4 ×100 मीटर में रजत पदक, अमित को 100, 200 तथा 4 ×100 में स्वर्ण पदक, अनमोल को 400 तथा 4× 100 मीटर में स्वर्ण पदक , युगविन्द्र को 4×100 में स्वर्ण पदक व 400 तथा 100 मीटर में रजत पदक, राकेश को 800, 1500, 4×100 मीटर में स्वर्ण पदक, दिनेश को 4 × 100 मीटर में स्वर्ण पदक तथा लम्बी कूद में कांस्य पदक, संजु को 200, 4×100 मीटर में रजत पदक, सुदेश को 4×100 मीटर में रजत पदक व 400 मीटर में कांस्य पदक, ज्योति को 4×100 मीटर में रजत पदक व शॉटपुट में कांस्य पदक, मुकुल को जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक व ऊंची कूद में कांस्य पदक, आकाश को डिस्कस थ्रो में रजत पदक जबकि आनंद को 1500 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त हुए। कुलपति ने इस अवसर पर बिटस पिलानी में आयोजित ऑल इंडिया इंटर कॉलेज इनविटेशनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तथा जाट कॉलेज, हिसार में आयोजित तीसरी हरियाणा अन्तर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली कृषि महाविद्यालय की टीमों को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी. एस. दहिया, सह निदेशक (खेल) प्रो. सुशील लेगा, प्रो. बलजीत गिरधर, ओम प्रकाश भादू, निर्मल सिंह, इंदु चौधरी व सुन्दर पाल मोर उपस्थित थे।

### 19वीं अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता

# विजेताओं को कुलपति केपी सिंह ने किया सम्मानित

**अमित को बैस्ट एथलीट घोषित किया गया**



*हिसार। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह एवं अन्य अधिकारियों के साथ विजेता खिलाड़ी।*

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना में आयोजित 19वीं अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में विजेता रहे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस प्रतिययोगितजा में पुरुष एथलेटिक टीम प्रथम, महिला एथलेटिक टीम व पुरुष बैडमिंटन टीम दूसरे तथा पुरुष वर्ग की बास्केटबॉल टीम व कबड्डी टीम तीसरे स्थान पर रही। अमित को बैस्ट एथलीट घोषित किया गया। अंकों के आधार पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने ओवर ऑल पुरुष व महिला चैम्पियनशिप ट्राफी जीती। इस खेलकूद प्रतियोगिता में आरूषि को 800 व 1500 मीटर में स्वर्ण पदक तथा 4 ×100 मीटर में रजत पदक, अमित को 100, 200 तथा 4×100 में स्वर्ण पदक, अनमोल को 400 तथा 4×100 मीटर में स्वर्ण पदक, युगविन्द्र को 4×100 में स्वर्ण पदक व 400 तथा 100 मीटर में रजत पदक, राकेश को 800, 1500, 4×100 मीटर में स्वर्ण पदक, दिनेश को 4×100 मीटर में स्वर्ण पदक तथा लम्बी कूद में कांस्य पदक, संजु को 200, 4×100 मीटर में रजत पदक, सुदेश को 4×100 मीटर में रजत पदक व 400 मीटर में कांस्य पदक, ज्योति को 4×100 मीटर में रजत पदक व शॉटपुट में कांस्य पदक, मुकुल को जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक व ऊंची कूद में कांस्य पदक, आकाश को डिस्कस थ्रो में रजत पदक जबकि आनंद को 1500 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त हुए।

कुलपति ने इस अवसर पर बिटस पिलानी में आयोजित ऑल इंडिया इंटर कॉलेज इनविटेशनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तथा जाट कॉलेज, हिसार में आयोजित तीसरी हरियाणा अन्तर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली कृषि महाविद्यालय की टीमों को भी सम्मानित किया।

कुलपति ने इस समारोह में खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी. एस. दहिया, सह निदेशक (खेल) प्रो. सुशील लेगा, प्रो. बलजीत गिरधर, ओम प्रकाश भादू, निर्मल सिंह, इंदु चौधरी व सुन्दर पाल मोर उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम नभ छोर
दिनांक 29.1.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 2-6

# खेल प्रतियोगिताओं में विजेता रहे खिलाड़ियों को कुलपति ने किया सम्मानित



हिसार/29 जनवरी/रिपोर्टर
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना में आयोजित 19वीं अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में विजेता रहे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में पुरुष एथेलेटिक टीम प्रथम, महिला एथेलेटिक टीम व पुरुष बैडमिंटन टीम दूसरे तथा पुरुष वर्ग की बास्केटबॉल टीम व कबड्डी टीम तीसरे स्थान पर रही। अमित को बैस्ट एथलीट घोषित किया गया। अंकों के आधार पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने ओवर ऑल पुरुष व महिला चैम्पियनशिप ट्राफी जीती। उल्लेखनीय है कि इस खेलकूद प्रतियोगिता में आरूषि को 800 व 1500 मीटर में स्वर्ण पदक तथा 4 ×100 मीटर में रजत पदक, अमित को 100, 200 तथा 4 ×100 में स्वर्ण पदक, अनमोल को 400 तथा 4× 100 मीटर में स्वर्ण पदक , युगविन्द्र को 4×100 में स्वर्ण पदक व 400 तथा 100 मीटर में रजत पदक, राकेश को 800, 1500, 4×100 मीटर में स्वर्ण पदक, दिनेश को 4×100 मीटर में स्वर्ण पदक तथा लम्बी कूद में कांस्य पदक, संजु को 200, 4×100 मीटर में रजत पदक, सुदेश को 4×100 मीटर में रजत पदक व 400 मीटर में कांस्य पदक, ज्योति को 4×100 मीटर में रजत पदक व शॉटपुट में कांस्य पदक, मुकुल को जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक व ऊंची कूद में कांस्य पदक, आकाश को डिस्कस थ्रो में रजत पदक जबकि आनंद को 1500 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त हुए। कुलपति ने इस अवसर पर बिट्स पिलानी में आयोजित ऑल इंडिया इंटर कॉलेज इनविटेशनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तथा जाट कॉलेज, हिसार में आयोजित तीसरी हरियाणा अन्तर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली कृषि महाविद्यालय की टीमों को भी सम्मानित किया। कुलपति ने इस समारोह में खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया, सह निदेशक (खेल) प्रो. सुशील लेगा, प्रो. बलजीत गिरधर, ओम प्रकाश भादू, निर्मल सिंह, इंदु चौधरी व सुन्दर पाल मोर उपस्थित थे।